nandgaon times may-06-2.qxd 5/5/2024 10:53 PM Page 1

हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों... पृष्ठ 2 | छत्तीसगढ़ी भाषा में होगी पहली से... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 06 मई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 203, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


## सीएम साय बोले-विपक्ष ने छ.ग. की तासीर को किया शर्मिंदा

### मुख्यमंत्री ने कहा मुझे देखकर लोग कहते हैं सांय-सांय, कांग्रेस पर किसी को विश्वास नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव का आज शाम 5 बजे शोर थम जाएगा। रायपुर के एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि कांग्रेस और इनके गठबंधन ने इस चुनाव प्रचार में नकारात्मकता फैलाई है। विपक्ष की ओर से नकारात्मक भाव फैलाने और बदजुबानी करने की सीमा लांघ दी। विपक्ष की बदजुबानी ने छत्तीसगढ़ की तासीर को शर्मिंदा किया है। जनता को ये अस्वीकार है। उन्होंने कहा कि मुझे बतौर पहली बार जनता से सीधा जुड़ने का अवसर मिला। 20 मार्च से 5 मई तक 66 बड़ी सभाएं की हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में भी हमने हिस्सा लिया। 11 सीटों पर 11 सम्मेलन हुए। 24 बड़ी सामाजिक बैठकों में शामिल हुए। 45 दिन में 106 से ज्यादा बार जनता से मुखातिब होने का अवसर मिला। इस प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र से बड़े राष्ट्रीय नेताओं की सभा छत्तीसगढ़ में हुई। भाजपा के पक्ष में वातावरण बना है।



**सब काम सांय-सांय हुआ है**- विष्णुदेव ने कहा कि हमने तो सरकार बनते ही सारे काम सांय-सांय किया है। हमको तो देखते ही लोग कहते हैं सांय-सांय। भाजपा की सरकार जनता के सभी काम तेजी से कर रही है। आगे भी करेगी। जनता को भाजपा की सरकार पर भरोसा है।

**मुख्यमंत्री ने दावा किया भाजपा 11 सीटें जीतेगी** मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर की सीट 50 प्लस से जीतने जा रहे हैं, कोरबा में भी जीत रहे हैं। कोरबा के लोग भी मोदी के कामों से हमारी सरकार के कामों से प्रभावित हैं। महिलाएं, किसान प्रभावित हैं। भाजपा की सरकार ने जनता में विश्वास बहाल करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी छत्तीगसढ़ की जनता का विश्वास को चुकी है। जनता तो दूर ये पार्टी तो अपने ही लोगों का विश्वास खो चुकी है। सब पार्टी छोड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में तो अच्छे अच्छे लोग, इनके निगम के महापौर, जिला पंचायत के अध्यक्ष, पूर्व विधायक बड़े-बड़े कांग्रेसी भाजपा में आ रहे हैं। कोई भी वादा कर लें ये लोग 1 लाख देने का फॉर्म भरवा लें जनता का विश्वास नहीं है।

**10 साल की उपलब्धियां गिनाई**- सीएम ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल की उपलब्धियां हमने लोगों तक पहुंचाई हैं। मोदी की गारंटी को जन जन तक पहुंचाने का काम किया। प्रदेश में जनता के बीच में गए जो रिस्पॉन्स मिला उसके अनुसार बीजेपी 11 के 11 सीट जीतेंगे। विदेश के 4 डेलीगेट्स नेता चुनाव प्रचार को देखने आए ये चुनाव प्रचार की खासियत रही। ये लोकसभा का चुनाव महत्वपूर्ण है हमने लोगों को बताया। जम्मू से धारा 370 हटी,राम मंदिर बना,गांव से लेकर शहर तक विकास किया। 18 लाख मकान का स्वीकृति दी है, शीघ्र निर्माण होगा। 25 दिसंबर को सरकार के शपथ लेने के 12 दिन अंदर ही 3716 करोड़ रुपए जनता को जारी किए। 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का रिकार्ड बनाया। 24 लाख 72 हजार से ज्यादा किसानों को लाभ मिला। 13 करोड़ 320 रुपए अंतर की राशि जारी किए। रामलला दर्शन योजना की शुरुवात,बस्तर में आदिवासियों के तेंदूपत्ता 4500 सौ मानक बोरा देने का फैसला लिए। 12.50 लाख आदिवासी इनसे जुड़े है। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच शुरू हो गई है। हमारे प्रदेश के नेताओं ने सभी बातों को जनता के बीच पहुंचाया है।

## अमित शाह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में आज चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे

**हैदराबाद/अमरावती।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में आज यानी



रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में प्रचार करेंगे। भाजपा की तेलंगाना इकाई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, शाह सिरपुर कागजनगर, निजामाबाद और हैदराबाद में तीन अलग-अलग रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा की आंध्र प्रदेश इकाई ने एक विज्ञप्ति में बताया कि शाह रविवार सुबह आंध्र प्रदेश के धर्मावरम में एक जनसभा में भाग लेंगे, जहां वह तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ मंच साझा करेंगे। भाजपा की आंध्र प्रदेश इकाई के सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आंध्र प्रदेश के जम्मलमडुगु और अदोनी में रैली में हिस्सा लेंगे।

## पीएम मोदी की आज यूपी में दो रैली, अयोध्या में रोड शो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा-स्क्क) के गढ़ इटावा में एक रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा ने राज्य के मुख्य विपक्षी दल के गढ़ों को निशाना बनाने की योजना बनाई है, खासकर उन गढ़ों को जहां से सपा के प्रथम परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा नेताओं ने अपनी लगभग सभी रैलियों में यह मुद्दा उठाया है कि कैसे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार के पांच सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा के गढ़, मैनपुरी में दो रैलियां और एक रोड शो किया है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार दोपहर को इटावा के बाद सीतापुर में भी रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद, वह राम मंदिर में पूजा करने के लिए अयोध्या जाएंगे और फिर यहां एक रोड शो करेंगे।

## थम गया तीसरे चरण का चुनाव प्रचार, सात मई को होगी वोटिंग

**नई दिल्ली।** अब तक दो चरण की वोटिंग हो चुकी है। जिसके बाद अब 7 मई को तीसरे चरण की वोटिंग होनी है। तीसरे चरण की वोटिंग के चलते आज यानी 5 मई को चुनाव प्रचार थम जाएगा और 7 मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण के चुनाव में अमित शाह, शिवराज चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा. अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ, फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ, जिसके बाद अब 7 मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे. जिसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, 1 जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी ! आज शाम को तीसरे चरण के लिए प्रचार का शोर थम जाएगा ! सभी प्रत्याशी और राजनीतिक




दल अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार में जुटे हैं ! चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। तीसरे चरण में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नगर हवेली/दमन और दीव , जम्मू-कश्मीर. हालांकि चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है. अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है। तीसरे चरण के लिए मतदान के बाद 7 मई को जिन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी, उनमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नाम शामिल है, वो गुजरात की गांधीनगर सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। मध्यप्रदेश में विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा उत्तरप्रदेश में मुलायम परिवार की डिंपल यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी मंगलवार को होगा। महाराष्ट्र की बारामती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार की किस्मत का फैसला भी ईवीएम में बंद हो जाएगा।

## भाजपा की नीतियों से हिमाचल में फला-फूला उद्योग : अनुराग ठाकुर

**शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई और आदरणीय प्रेम कुमार धूमल जी की डबल इंजन की सरकार में 1 दिसंबर 2002 को हिमाचल प्रदेश को विशेष इंडस्ट्रियल पैकेज मिला था उसी की देन है कि आज हिमाचल के बद्दी और नालागढ़ में हजारों उद्योग लगे हैं और लाखों लोगों को रोजगार मिला है। मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क भी भारतीय जनता पार्टी की ही देन है। आज हिमाचल में जो रेल और सड़क विकास हुआ है यह भी भारतीय जनता पार्टी ने ही कराया है। मगर इसमें एक बात यह भी है कि विकास के कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण राज्य सरकार को करना होता है। बिना जमीन अधिग्रहण के विकास के कार्य समय पर नहीं हो पाते हैं। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि हिमाचल का विकास भारतीय जनता पार्टी ने ही किया है, और आगे भी भारतीय जनता पार्टी ही करेगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने यह बातें नालागढ़ में एक विशाल जनसभा में कही।



## बीजेपी की सरकार में विरासत भी और सम्मान भी : योगी

**मल्लावां/हरदोई।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कस्बे के जूनियर हाईस्कूल के मैदान पर चुनावी जनसभा का आयोजन किया। 25 मिनट में चुनावी जनसभा को मुख्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी से लेकर जब तक कांग्रेस ने शासन किया उससे ज्यादा विकास मोदी ने किया है। मोदी सरकार देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त मे राशन दे रही है। जनसभा को सम्बोधित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हुआ है। आतंकवाद, नक्सलवाद पर नकेल कसी है। मोदी के नेतृत्व में हाइवे, एयरपोर्ट, आईआईटी, एनआईटी, मेडिकल कालेज, एम्स स्थापित कर विकास को नई गति दी गई है। लखनऊ के निकट एक हजार एकड़ मे टेक्सटाइल पार्क की स्थपना की जा रही है। जिसमे हजारों लोगो को रोजगार का अवसर मिलेगा।



## गिरिराज सिंह बोले, विपक्ष के लोग कर रहे देश के खिलाफ साजिश

**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने वाले सोहेल (स्शद्धद्द्य) उर्फ मौलवी की सूरत में गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी दलों पर हमला बोला है। इसके साथ ही हिंदू धर्म पर तंज कसने पर गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव और लालू यादव को भी निशाना बनाया। गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में एक बड़ी साजिश रची जा रही है। इसका खुलासा सूरत में पकड़े गए सोहेल नामक शख्स के जरिए हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थकों की हत्या की साजिश रची जा रही है। नूपुर शर्मा, टी राजा जैसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने देश के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि वे सचेत हो जाएं, पीएम नरेंद्र मोदी केवल पिछड़ों के बेटा नहीं हैं, बल्कि सनातन धर्म को भी ऊंचाई पर ले जाने का काम कर रहे हैं। इनके खिलाफ साजिश रचने वालों को पहचानना होगा। इसके साथ ही तेजस्वी यादव के हिंदू धर्म के खतरे में होने के तंज पर भाजपा नेता ने कहा कि तेजस्वी यादव जी पूरी दुनिया जानती है कि आपने एमवाई समीकरण क्यों बनाया। आज पिछड़ों का हक मारा जा रहा है, लेकिन आपमें उसके खिलाफबोलने की हिम्मत नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लालू, तेजस्वी, कम्युनिस्ट पार्टियां व कांग्रेस के लोग जब धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दे पाए, तो पिछले दरवाजे से मुसलमानों को ओबीसी में शामिल कर आरक्षण दे रहे हैं। कर्नाटक में इसकी शुरुआत हो चुकी है। भाजपा नेता ने कहा कि इससे पिछड़ों का हक मारा जा रहा है। लेकिन लालू, तेजस्वी जैसे लोगों की जुबान पर ताला लगा है। यह देश के खिलाफ साजिश है। गिरिराज सिंह ने कहा कि इस साजिश को रोकने के लिए उनकी पार्टी हर स्तर पर प्रयास करेगी।



## राधिका खेड़ा के इस्तीफे पर सीएम साय का कांग्रेस पर तंज, कहा- नारी न्याय की बात करने वालों की कथनी और करनी में फर्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीन जिलों में चुनावी सभाएं ली. चुनावी दौरे से राजधानी रायपुर लौटे सीएम साय ने कहा कि तृतीय चरण का चुनाव प्रचार थम गया. आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का सूरजपुर में रैली हुई. सभा में भारी संख्या में लोग आए थे. सीएम साय ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के करकमलों से चुनाव प्रचार समाप्त हुआ. जहां भी हमारे नेता गए वहां भाजपा के पक्ष में माहौल है. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस पर तंज कसा. सीएम साय ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की महिला कांग्रेस प्रवक्ता अपमानित हुई हैं. नारी न्याय की बात करने वालों की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है. कांग्रेस की आज दुर्गति हो रही है. उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने देश में एक छत्र शासन किया वो विलुप्त होने की कगार पर हैं. सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस प्रभु राम विरोधी है. कांग्रेस ने राम भगवान पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया था. प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया था. भगवान राम का निमंत्रण हर कोई स्वीकार करता है. उसमें शामिल होना या नहीं होना यह अलग बात है. पर निमंत्रण अस्वीकार कर क्या जताना चाहते हैं. यही जताना चाहते हैं कि प्रभु राम विरोधी हैं. जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले पर सीएम साय ने कहा पहले की अपेक्षा घटनाएं कम हो रही है. पहले रोज होती थी, जब से मोदी सरकार आई है तब से पत्थरबाजी नहीं हो रही है.



## किशोरी संग दुष्कर्म करने वाले पुलिस कर्मी को जमानत देना जायज नहीं', पीड़िता की मां की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के उत्तर प्रदेश के आरोपित पुलिस अधिकारी को जमानत देने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को रद कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि थानाध्यक्ष को जमानत देना उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। किशोरी को उसके साथ चार लोगों द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने के लिए थाने लाया गया था।जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने गत दो मार्च को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली पीड़िता की मां की याचिका पर आदेश दिया। शुक्रवार को दिए आदेश में पीठ ने कहा कि वर्तमान मामले में स्थिति बहुत खराब है। मामले में प्रतिवादी नंबर एक थानाध्यक्ष पर थाने में ही नाबालिग के साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध करने का आरोप लगाया गया है। ऐसे में उसके जमानत देने की प्रार्थना पर हाई कोर्ट को और अधिक विचार करना चाहिए था। हमें प्रतिवादी नंबर एक को जमानत देने को सही ठहराने का कोई कारण नहीं मिला। इसके बाद खंडपीठ ने पीड़िता की मां की अपील को स्वीकार कर लिया और हाई कोर्ट के आदेश को रद कर दिया। पीठ ने आरोपित को तुरंत आत्मसमर्पण करने को कहा और अन्यथा की स्थिति में राज्य को उसे पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजने के निर्देश दिए।



nandgaon times may-06-2.qxd 5/5/2024 10:53 PM Page 2



# हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव से 51, कबीरधाम से 12 तथा खैरागढ़ छुईखदान गण्डई से 3 हाजी हज्जन इस बार करेंगे मक्का मदीने की जियारत छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर में सन् 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले आजमीनों को हज का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लोगों को हज कमेटी द्वारा किए गए इंतजाम और कुछ तबदीलियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों ने प्रशिक्षण लिया। दिनांक 5 मई 2024 को राजनांदगांव शहर के होटल एबीस ग्रीन में हज कमेटी के हज ट्रेनरों द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर की शुरुआत मास्टर्स ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी कारी इमरान अशरफी साहब किबला ने तिलावते कुरान से की।

हज यात्रियों को संबोधित करते हुए राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी सचिव डॉक्टर साजिद अहमद फारूकी द्वारा हज यात्रा के इंतजामात का विस्तृत विवरण देते हुए सभी हज यात्रियों को मुबारकबाद दी। इसमें हज ट्रेनर हाजी सैय्यद सलीम अशरफ द्वारा हज की एहमियत और उसे सही ढंग से करने का तरीका वीडियो पॉवर पाइंट द्वारा एक एक बिन्दु को गहनता से समझाया। इसके बाद एयरपोर्ट के नियम और सऊदी अरब में जो कानून है, उनकी जानकारी दी। हज यात्रियों को कांसिलेट जनरल ऑफइंडिया, जद्दा द्वारा तैयारी की गई हज फिल्म भी दिखाई गई। दिन भर चले इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता मो. असलम खान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी ने किया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से डॉ. साजिद अहमद फारूकी साहब, श्रीमती डा. रूबीना अल्वी, सदस्य हज कमेटी, श्री शाहिद खान, अकरम कुरैशी उपस्थित रहे। शिविर में मास्टर ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी कारी मौलाना डॉ. इमरान अशरफी, हाजी अब्दुल रज्जाक, हाजी सैय्यद सलीम अशरफ, हाजी तौसीफअहमद, हाजी राजिक अमजद , मुख्य वक्ता मौलाना व कारी इमरान अशरफी हज ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी ने शिविर में शामिल 66 हज यात्रियों को हज्जे बैतुल्लाह जियारत रसूल अल्लाह और जियारत मदीना और जियारत मक्का व अरकाने हज के संबंध



में प्रशिक्षण दिया। गौरतलब हो, कि हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। हज एक वार्षिक पवित्र तीर्थयात्रा है जहां मुस्लिम भाईचारा भी प्रदर्शित होता है। हज यात्रा करने के उद्देश्य से सऊदी अरब जाने से पहले हज यात्रियों का प्रशिक्षण आवश्यक होता है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के द्वारा प्रत्येक साल 'आजमीने-हज' के लिए प्रशिक्षण रखा जाता है। इस बार भी हज पर जाने वाले लोगों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बार यहां खास बात ये रही कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए हज सुविधा एप के संचालन का विशेष रूप से सभी को प्रशिक्षित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के तहत उमरा, हज, हज के 5 दिन, मदीना मुनव्वरा और मुकद्दस मकामात में न्यूनतम कठिनाइयों के साथ उपस्थिति के दौरान आवश्यक विभिन्न अनिवार्य रसम-श्रेष्ठ आचरण के लिए विस्तृत जानकारी और सलाह दी गई। हज ट्रेनरों ने हज यात्रियों को मक्का और मदीना की यात्रा के दौरान रसद, हज के (धार्मिक) विधि, स्वास्थ्य मुद्दों, आवास, सुरक्षा प्रशिक्षण और अन्य चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। हज के अधिकांश धार्मिक क्रिया सिद्धांत असल में सैद्धांतिक के बजाय व्यावहारिक ज्यादा है। इसलिए, प्रशिक्षण कार्यक्रम में शंकाओं एवं जिज्ञासा को दूर करने के लिए सवाल-जवाब के सत्र भी हुए। जाने वाले हाजियों से अपने मुल्क में अमन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की दरख्वास्त की गयी। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद सभी हज यात्रियों को मास्टर ट्रेनरों ने हज का सफर शुरू करने से लेकर घर वापस आने तक की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। हज यात्रा के संबंध में सऊदी सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए गए सामान के बारे में जानकारी दी। साथ ही हैंड बैग व बुकिंग लगेज में रखे जाने वाले सामान के बारे में भी बताया गया। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के सदस्य ने हज यात्रियों को सचेत किया कि वे हज कमेटी आफइंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही सामान की पैकिंग करें। जांच के दौरान प्रतिबंधित सामान मिलने पर उसे निकालना पड़ेगा।

## 7 दिवसीय नि:शुल्क रोग उपचार एवं रोग निवारण शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** उश्री गुरूद्वारा सिंग सभा राजनांदगांव एवं लायंस क्लब ऑफ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 7 दिवसीय नि:शुल्क रोग उपचार एवं रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जाने-माने डॉ. एवं आयुर्वेदाचार्य उपस्थित रहेंगे प्रतिदिन अलग-अलग विशेषज्ञों द्वारा रोग उपचार का नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा। योग एवं रोग निवारण शिविर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक रहेगा एवं विशेषज्ञों, डॉ. के द्वारा नि:शुल्क परामर्श शाम 6 बजे से 8 बजे तक रहेगा, स्थान- पुराना गुरूद्वारा, पुराना जिला अस्पताल के सामने जिसमें - 1. डॉ. संतोष शर्मा - होम्योपैथी (सोमवार), 2. डॉ. ताराचंद सोनी - शिशु रोग विशेषज्ञ , 3. डॉ. एस.के. अग्रवाल - नि: संतान एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ (बुधवार), 4. डॉ. एस.के. नंदा - आयुर्वेदाचार्य (गुरूवार), 5. डॉ. चेतन साहू - मेडीसिन (शुक्रवार), 6. डॉ. के. गुरूनाथ - हदय रोग विशेषज्ञ (शनिवार), 7. डॉ. संप्रीति सैन्दूर - चर्मरोग विशेषज्ञ (रविवार) उपलब्ध रहेंगे।

## भारतीय त्यौहार क्यों और कब मनाया जाता है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी राजनांदगांव में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की ओर से एक अनोखी पहल की गई है जिसमें अपनी आगामी पीढी को संस्कार और अपनी भारतीय सभ्यता का परिचय कराते हुये कार्यक्रम के अतिंम दिन बच्चों का भारतीय पर्व तीज त्योहारों की जानकारी दी गई भारतीय हिन्दु सभ्यता में चार धाम की यात्रा का महत्व भी बताया गया। बच्चों के लिये आयाजित यह कार्यक्रम जितना अनूठा था उससे अधिक बच्चों की ने इसमें भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जिससे की आने वाले भविश्य में भी इस तरह के कार्य म आयोजित किये जा सके कार्यक्रम के अतिंम दिन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री संतोश अग्रवाल ने सभी बच्चों को अपना आषीर्वाद प्रदान किया तथा आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिये बधाई भी दी इस कार्य म सफल बनाने के लिये अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन ने उत्कृश्ठ प्रदर्षन किया अध्यक्ष अंकुष अग्रवाल सचिव तपन जिंदल, कोशाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल सदस्य निंकुज सिंघल, अर्चित अग्रवाल अंषिता अग्रवा , वषुधा अग्रवाल , सुरभि अग्रवाल , श्रुति अग्रवाल विकास गोयल, निकीता अग्रवाल, विषेश योगदान रहा दिपाली ठक्कर रूपाली गांधी अतुल अग्रवाल का विषेश योगदान रहा ।

## आधी रात तीन दुकानों में लगी आग

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित राजधानी विहार के पास तीन दुकानों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। आग लगने से तीन गुमठीनुमा दुकानों का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आगजनी में दुकानदारों का लाखों का नुकसान हो गया। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। घटना देर रात डेढ़ बजे की बताई जा रही है। विधानसभा थाना क्षेत्र का मामला है।

## सप्ताह के सितारे (06 मई 2024)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 3- 5- 7 - 9 | 35-53-39-93-59-95 |
| मंगल | 4- 5 - 7 - 8 | 45-54-48-84-58-85 |
| बुध | 3- 4 - 9 - 0 | 34-43-30-03-90-09 |
| गुरू | 2- 5 - 8 - 0 | 50-05-80-08-38-83 |
| शुक्र | 1 - 3 - 4 - 0 | 49-94-40-04-36-63 |
| शनि | 1 - 3 - 8- 9 | 89-98-13-31-19-91 |

अंकों का बादशाह -8 सप्ताह में अचूक 1 - 2 - 6 - 7

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 14- 25 -68 -78

सप्ताह में देखे

(1) 11 - 12 - 16 - 17 (6) 61 - 62 - 66- 67
(2) 21 - 22 - 26 - 27 (7) 71 - 72 - 76 - 77
(3) 31 - 32 - 36 - 37 (8) 81 - 82 - 86 - 87
(4) 41 - 42 - 46 - 47 (9) 91 - 92 - 96 - 97
(5) 51 - 52 - 56 - 57 (10) 01 - 02 - 06 - 07

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 96-64-97-41-49-36 | 48-14-91-77-09 |
| 44-32-88-83-64-67 | 43-41-54-02-63 |
| 46-97-52-81-02-04 | 16-40-32-80-13 |
| 03-49-42-78-67-02 | 28-18-29-48-05 |
| 33-92-58-60-08-24 | 21-49-14-56-52 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला के 171 विद्यार्थी उत्तीर्ण

## जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के 229 विद्यार्थियों ने पास किया छात्रवृत्ति परीक्षा



**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा आयोजित बहु प्रतिष्ठित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला विकासखंड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। विकासखंड के 53 पूर्व माध्यमिक शालाओं से 171 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। वही जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी से कुल 229 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य स्तर पर 2246 विद्यार्थी इस परीक्षा को पास कर पाए हैं। पूर्व माध्यमिक शाला डुमरटोला से सर्वाधिक 23 बच्चे चयनित हुए है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला श्री राजेन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1000 रूपय की छात्रवृत्ति कक्षा 9वी से 12वीं तक 4 वर्षों तक प्राप्त होती है। कक्षा 8 में अध्ययनरत शासकीय स्कूल के बच्चे इस परीक्षा को देते है। प्राप्त होने वाले इस छात्रवृत्ति से विद्यार्थियों को अपने आगे की पढ़ाई में सहयोग प्राप्त होता है। यह परीक्षा एनसीईआरटी निर्देशन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से आयोजित किया जाता है। ज्ञात हो की पूर्व सत्र में भी मोहला विकासखंड से 207 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे। मोहला विकासखंड की इस सफलता पर कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे ने मोहला की टीम को बधाई प्रेषित किया है। इस उपलब्धि में श्री खोमलाल वर्मा, श्री नूतन साहू, श्री दिनेश सिंह, श्री राकेश देवांगन, श्री जीवन नायक, श्री राजकुमार यादव, श्री मार्टिन मसीह, श्री जितेंद्र पटेल, श्री मलेश मालेकर व ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों तथा शिक्षको का विशेष योगदान रहा है।

**शिखर कोचिंग से लाभान्वित हो रहे वनांचल के विद्यार्थी**



मोहला विकासखंड में अधिकारियों एवं शिक्षकों के प्रयास से जिला खनिज न्यास के सहयोग द्वारा शिखर कोचिंग कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। समय-समय पर टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री निशुल्क प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के कारण सभी स्कूल स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में मोहला विकासखंड अव्वल रहा है।

# मानपुर में बाल विवाह सामाजिक अभिशाप रोकथाम अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन





**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार गतदिवस बाल विवाह मुक्त जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के उद्देश्य से विकासखंड मानपुर में बाल विवाह सामाजिक अभिशाप रोकथाम अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन मानपुर के सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यशाला में सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, बिहान की महिलाओं की संगोष्ठी सह बैठक रखी गई थी। जिसमें बाल विवाह सामाजिक अभिशाप के संबंध में जानकारी देते हुए, दंड के प्रावधान की जानकारी दी गई, कार्यशाला में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा शपथ लिया गया कि हम बाल विवाह नहीं होने देंगे और लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही कार्यशाला के बाद मानपुर में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में बाल विवाह रोकथाम के नारे लगाते हुए बाल विवाह सामाजिक अभिशाप का संदेश देते हुए रैली का आयोजन किया गया। कार्यशाला में परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री ए के कौर, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास अर्चना दुर्गम, हक्ररुरू के बीपीएम रामकुमार विश्वकर्मा सहित सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, बिहान की महिलाओं की संगोष्ठी उपस्थित थे।

## मां भानेश्वरी जयंती कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्रद्धालु सिंघोला पहुंचे - भागवत साहू

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** साहू समाज के एवं समस्त ग्रामवासी सिंघोला के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 9 मई दिन गुरुवार को मां भानेश्वरी जयंती मिनी स्टेडियम सिंघोला में आयोजित है। जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। फिर भी जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश स्तरीय इस आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से सिंघोला पहुंचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में आदर्श विवाह भी संपन्न होना है। जयंती समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू सहित प्रदेश और संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। उनके अलावा भी कई वीआईपी कार्यक्रम में पहुंचेंगे। श्री साहू ने आगे कहा कि आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस आयोजन को लेकर गांव में गांव सहित आसपास सभी गांव में त्यौहार जैसा वातावरण बन रहा है समाज के लोग समाज के पदाधिकारी गण आयोजन को यादगार बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं।



# व्याख्याता को सेवानिवृत होने पर दी बधाई







**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसाटोला के व्याख्याता चिंताराम साहू को शाला परिवार एवं ग्रामीणों ने बधाई दी, इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य संजय सिंह ने चिंताराम साहू के कार्यों की प्रशंसा करते हुए शाला के कार्य में उचित योगदान देने पर सराहना की, श्री साहू 1984 से 2024 तक अपने शैक्षणिक सेवा दी है, इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य संजय सिंह, व्याख्याता शैलेंद्र रामटेके, तिरंगे दास साहू, लकेश भंडारी, प्रज्ञारत्न, श्रीमती कविता शांडिल्य, नेहा, बसंती ठाकुर, सीमा कुंजाम तथा ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती हेमलता ठाकुर व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नगर निगम द्वारा वार्डो में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड, नाली निर्माण एवं डामरीकरण कराया जा रहा

**राजनांदगांर्व (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम द्वारा वार्डो में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड, नाली निर्माण एवं डामरीकरण कराया जा रहा है, इसी कडी में शक्ति नगर एवम् वर्धमान नगर में भी निर्माण कार्य किया जा रहा है, निर्माण की कडी में सीसी रोड निर्माण नवम्बर महीने के आस पास शक्ति नगर एवम् वर्धमान नगर में बनाई गयी है। उल्लेखनिय है कि निर्माणाधीन रोड के पास में स्थित बाइक शोरूम के द्वारा गलत तरीके से 20-25 टन वजनी वाहन को किनारे में चलाया गया हैं जिससे रोड पर दरार पड़ गयी है, जिसे पुन: ठेकदार द्वारा ठीक करवा कर शेष बचे हुए सीसी रोड के कार्य को करवाया जाएगा।

## ज्ञान मंथन

*1) पंचायती राज की तीन स्तरीय प्रणाली किस राज्य द्वारा पहली बार अपनाई गई थी?*

*2) पारिवारिक न्यायालय को कौन तैयार करता है?*

*3) अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 का विषय क्या है?*

*4) सामान्य इच्छा का सिद्धांत किसने प्रस्तुत किया था?*

*5) हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने ग्रैंडमास्टर की उपाधि से किसे सम्मानित किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) राजस्थान (2) राज्य / केंद्र शासित प्रदेश सरकार (3) बदलते माहौल में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना (4) जीन-जैक्स रूसो (5) वैशाली रमेश बाबू

# छत्तीसगढ़ी भाषा में होगी पहली से 5वीं तक पढ़ाई: साहित्यकारों-लोक कथाकारों की मदद से बनेगा सिलेबस; सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी और कुंडख में भी कोर्स



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही छत्तीसगढ़ी भाषा में पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई शुरू होने जा रही है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद इसका सिलेबस तैयार कर रहा है। वहीं, सरकार के आदेश को लेकर मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच के प्रांतीय संयोजक नंद किशोर शुक्ल ने कहा कि आदेश स्पष्ट नहीं है, शिक्षा विभाग स्पष्ट आदेश जारी करे। छत्तीसगढ़ी में कोर्स को लेकर साहित्यकारों, लोक कथाकारों, लोक गीतकारों, शिल्पकारों, लोक संगीतकारों, लोक नर्तकों, कथा, कहानी, गीत, नाटकों के प्रस्तुतकर्ता और संकलनकर्ता से मदद ली जाएगी। साथ ही ऐसे वरिष्ठ नागरिक और शिक्षक जिन्हें छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति में रूचि हो, उनका सहयोग भी लेंगे। छत्तीसगढ़ी साहित्य का संकलन कर चयनित सामग्री का इस्तेमाल प्राइमरी के बच्चों को पढ़ाने में किया जाएगा। इस काम के लिए विकासखंडवार साहित्यकारों , लोक कथाकारों और कलाकारों की सूची बनाई जाएगी। छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी और कुंडख में कोर्स बनेगा।

**छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी और कुंडख में कोर्स**

छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी और कुंडख में कोर्स बनेगा। डाइट की ओर से जारी सर्कुलर में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का संदर्भ देते हुए कहा गया है कि बहु भाषावाद और भाषा की शक्ति के अनुसार पहली से पांचवीं कक्षा तक विद्यार्थियों के लिए उनकी घर की भाषा, मातृभाषा, स्थानीय भाषा, क्षेत्रीय भाषा का माध्यम होना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल अनुशंसाओं को ध्यान में रखकर भविष्य की तैयारी के मकसद से प्रदेश में प्रथम चरण में 6 स्थानीय भाषाओं में पाठ्य पुस्तकें डाइट के मार्गदर्शन में तैयार की जाएंगी। डाइट रायपुर को नोडल डाइट और दुर्ग को सहयोगी डाइट की भूमिका निभानी होगी।




**मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच बोला- आदेश स्पष्ट नहीं**

मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच के प्रांतीय संयोजक नंद किशोर शुक्ल ने कहा कि स्ष्टश्वक्रञ्ज, ष्ठश्वह्र और डाइट के पत्र से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि प्राइमरी तक सभी विषयों की पढ़ाई छत्तीसगढ़ी में होगी या केवल एक विषय पढ़ाया जाएगा। महतारी भाषा छत्तीसगढ़ी तभी माध्यम मानी जाएगी, जब भाषा-विषय समेत पांचवीं तक गणित, पर्यावरण समेत सभी विषयों की पढ़ाई-लिखाई छत्तीसगढ़ी में होगी। इसलिए सभी विषयों के कोर्स छत्तीसगढ़ी में तैयार कराए जाएं। शिक्षा विभाग इसका स्पष्ट आदेश जारी करे।

## विश्व हास्य दिवस

5 में 2024 विश्व हास्य दिवस पर दे दोस्तों परिवार रिश्तेदारों को भेजें हंसी का संदेश जोक्स आपके मित्र दोस्त रिश्तेदार हंस पड़ेंगे विशेष




समाजसेवी हास्य प्रेमी प्रशांत कुमार क्षीरसागरहास्य प्रेमी प्रशांत कुमार क्षीरसागर लाफ्टर क्लब जाना शानदार बेहतरीन तरीका है दोस्तों परिवार के साथ समय बिताना फिल्म संगीत का आनंद लेना हंसी मजाक जोक्स कॉमेडी शो कलाकारों से मिलना प्राथमिक में शामिल होना मजेदार किताबें पढ़ना चुटकुले गीत संगीत मंदिर तीर्थ स्थान टूरिस्ट प्लेस घूमने अपने परिवार के सामने अलग ही आनंद आता है समय-समय पर लाफ्टर शो का भी आनंद परिवारों ईस्ट मित्रों के साथ भी लिया जा सकता है यही मुख्य उद्देश्य है विश्व हास्य दिवस का इसका प्रचार-प्रसार करना हंसी एक बेहतरीन दवा है वह तनाव ब्लड प्रेशर हार्मोन को कंट्रोल करती है जो जीवन के मूड मन को फ्रेश रखती है हंसना पेन रिलीवर का भी काम करती है ब्लड प्रेशर हार्ट बीट को काम करता है दिल दिमाग और सेहत के अच्छा माना जाता है हंसना और दूसरों को हंसाना।

# सेन समाज ने जिला मुख्यालय खैरागढ़ में पूजा-अर्चना कर सेन जी महाराज की जयंती मनाई



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में सेन समाज ने अपने आराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती विधि-विधान से पूजन-अर्चन व आरती कर मनाई. जिसमें समाज के सभी युवक-युवती, महिला एवं पुरूष शामिल हुये. सर्वसेन समाज के जिला अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास ने बताया वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि पर संत शिरोमणि की 724 वीं जयंती मनाई गई गुरुदेव ने पूरे समाज को संदेश दिया था. मनुष्य संसार के सारे कार्यों को करते हुये भी प्रभु की सेवा कर उनकी कृपा का पात्र बन सकता है. उन्होंने उनके जीवन में पवित्रता व सात्विकता पर जोर दिया. संपूर्ण समाज व मानव जीव को सत्य, प्रेम, अहिंसा व सदाचार का संदेश देकर समाजजनों से मानव सेवा ईश्वर की सेवा का संकल्प लिया. सेन जयंती पर शाम को समाजजनों ने तुरकारी पारा झंडा चौक में एकत्रित होकर अपने आराध्य सेन जी महाराज की चैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित किये. जिसमें नरेन्द्र श्रीवास, बंशी लाल सेन, हीरालाल सेन, मोरण श्रीवास,, कृष्ण गोपाल श्रीवास, संजय श्रीवास, प्रकाश सेन, जयप्रकाश सेन,निखिल श्रीवास, राजा श्रीवास, चंद्रशेखर सेन, कीर्तन सेन, मनोहर सेन, धुरु श्रीवास,निहाल श्रीवास,ललित श्रीवास,राकेश सेन,अलोक श्रीवास,अमोद सेन,श्रीमती ममता श्रीवास,रेखा श्रीवास, रानी श्रीवास, मोना श्रीवास,रानी सेन, वर्षा श्रीवास,संतोषी श्रीवास, पारो श्रीवास एवं सामाजिक जन उपस्थित थे.

## 100 प्रतिशत मतदान पूरा करने लक्ष्य की प्राप्ति हो : समाजसेवी प्रशांत कुमार. क्षीरसागर

**भिलाई।** 100 प्रतिशत मतदान पूरा करने लक्ष्य की प्राप्ति हो संकल्प सेक्टर 2 श्रमिक नेता समाजसेवी प्रशांत कुमार क्षीर सागर 7 मई 2024 को होने वाले चुनाव भिलाई विधानसभा 65 के जागरूक मतदाता साथियों से अनुरोध है अधिक से अधिक मतदान 100 न मतदान करने का लक्ष्य प्राप्त हो अपने घर के आसपास रहने वाले रिश्तेदार मित्र भाई बंधु दोस्त ऑफिस दुकानदारों से अनुरोध है कि मतदान अवश्य करें हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा के अनुरूप निर्मित होकर धर्म वर्ण जाति समुदाय भाषा तथा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे अधिक से अधिक मतदान पर स्वस्थ सुंदर स्थिर सरकार बनाएंगे छत्तीसगढ़ राज्य मतदाताओं से अनुरोध है अधिक से अधिक मतदान करें।



## निधन



**मनोहर कटियारा( पान वाले )**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। मानव मंदिर चौक में** मनोहर पान ठेले वाले के नाम से प्रसिद्ध मनोहर कटियारा का आज नागपुर के एक निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे हरीश एवं शोभराज के बड़े भाई थे तथा संजय एवं विक्की के पिता थे। उनकी शव यात्रा 06 मई सोमवार को सुबह 11 बजे निज निवास झूलेलाल मंदिर के पास से निकाली जाएगी।

# लोकसभा चुनाव 2024 : आचार संहिता में रायपुर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, अब तक 2 करोड़ 77 लाख की जब्तियां



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 7 मई को रायपुर सहित 7 सीटों पर मतदान होने हैं। चुनाव के चलते आचार संहिता में रायपुर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई और धरपकड़ की है। आपको बता दें, लोकसभा चुनाव के चलते 16 मार्च से प्रदेश में आचार संहिता लागू है। इस दौरान रायपुर पुलिस ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 3997 स्थाई/गिरफ्तारी वारंटों की तमीली, 6544 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 4723 लीटर अवैध शराब और 1करोड़ 71 लाख नगद सहित कुल 2 करोड़ 77 लाख की जब्तियां की है। रायपुर पुलिस ने 125 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है, जिसमें से 122 आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू एवं 03 आरोपियों के कब्जे से फायर आर्म्स जप्त किए गए। वहीं कुल 1 हजार 838 हथियार लायसेंसधारी लोगों में से 1 हजार 549 लोगों के हथियार जमा कराये गये और बाकी के 244 लोगों को विशेष संस्थानों के सुरक्षा में तैनाती के चलते छूट प्रदान की गई। इसके अलावा, दण्ड प्रक्रिया संहिता के विभिन्न प्रतिबंधात्मक धाराओं 107, 108, 109, 110, 151, 116(3) के तहत कुल 6,544 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ ही 923 आरोपियों के विरूद्ध बाउंड ओव्हर की कार्रवाई भी की गई है। आचार संहिता के दौरान पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए लंबे समय से पेंडिंग 3127 स्थाई वारंट और 870 गिरफ्तारी वारंट मिलाकर 3 हजार 997 स्थाई/गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की और वारंटियों को कोर्ट में पेश किया। इसके साथ ही लंबे समय से फरार आरोपी भी जेल भेजे गए। राजधानी पुलिस ने कुल 1 करोड़ 71 लाख 55 हजार 780 रूपये नगद कैश जप्त कर आगे की कार्रवाई के लिए इनकम टैक्स विभाग और इलेक्शन कमिशन द्वारा गठित कमेटी को सौंपा। वहीं आबकारी एक्ट के मामलों में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब के परिवहन/भण्डारण या बिक्री करने वाले आरोपियों से कुल लगभग 19 लाख 50 हजार 620 रुपए के कीमत की 4,723 लीटर शराब जब्त कर आरोपियों पर कार्रवाई की। आचार संहिता के दौरान रायपुर पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरणों में कुल 50,93,818/- रूपये के नशीले पदार्थ जब्त कर आरोपियों पर कार्रवाई की। इसके अलावा लगभग 33,01,400/- रूपये की चांदी सहित अवैध रूप से बाटने के लिये रखे गए सामान जब्त कर कार्रवाई की। इस तरह आचार संहिता से अब तक राजधानी पुलिस ने कुल 2,77,22,793/- रूपये कीमत की मशरूका जब्त की है। आपको बता दें, जिले में 24 फ्लाईंग स्क्वॉड टीम और 25 एस.एस.टी द्वारा सभी प्रकार के गाड़ियों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है।

## धर्म समाचार....

# तुलसी के इन उपायों से जॉब और बिजनेस में प्राप्त होगी सफलता, मिलेंगे कई लाभ




हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को शुभ माना जाता है। धार्मिक दृष्टि के अलावा आयुर्वेद में भी तुलसी को बहुत-ही महत्व दिया गया है। इस पौधे का सदैव हरा-भरा होना शुभता का प्रतीक होता है। तुलसी के कुछ उपाय को करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और घर में सुख-शांति का आगमन होता है।सनातन धर्म में तुलसी को बेहद महत्वपूर्ण पौधा माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस पौधे में धन की देवी मां लक्ष्मी का वास होता है। तुलसी के कुछ उपाय को करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और घर में सुख-शांति का आगमन होता है। साथ ही इंसान पर मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। ऐसे में आइए जानते हैं तुलसी के इन चमत्कारी उपाय के बारे में।

**आर्थिक तंगी होगी दूर**- अगर आप जीवन में आर्थिक समस्या की परेशानी का सामना रहे हैं, तो ऐसे में तुलसी के पत्ते को किसी कपड़े में बांधकर तिजोरी या पर्स में रख दें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से इंसान को आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और धन लाभ के योग बनते हैं।

**जॉब और बिजनेस में मिलेगी सफलता**- जॉब और बिजनेस में सफलता प्राप्ति के लिए रोजाना घर के मुख्य दरवाजे के दोनों तरफघी का दीपक जलाएं। कहा जाता है कि ऐसा करने से जॉब और बिजनेस में अच्छी उन्नति होती है। साथ ही घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

**वैवाहिक जीवन होगा सुखमय**- सुखी वैवाहिक जीवन और विवाह में आ रही बाधा को दूर करने के लिए तुलसी की मंजरी का उपाय बेहद लाभकारी माना जाता है। पूजा के दौरान तुलसी की मंजरी को शिवलिंग पर अर्पित करें। मान्यता है कि यह उपाय करने से विवाह में आ रही परेशानियों से छुटकारा मिलता है और जल्द विवाह के योग बनते हैं।

**शनि दोष होगा दूर**- शनि दोष को दूर करने के लिए मंदिर में तुलसी की जड़ रखकर इसकी रोजाना पूजा करें। यह उपाय कई दोषों से छुटकारा पाने के लिए लाभकारी है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## कलावा को माना जाता है रक्षा सूत्र, जानें कैसे हुई इसे बांधने की शुरुआत

पूजा या फिर मांगलिक कार्य के दौरान हाथ में कलावा बांधने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। कलावे को रक्षा सूत्र के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार कलावा बांधने से साधक को ब्रह्मा विष्णु और महेश का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गुलाबी लाल और पीले कलावे को हाथ में बांधा जाता है। आइए जानते हैं कलावा बांधने की परंपरा कब से शुरू हुई। सनातन धर्म में कलावे का अधिक महत्व है। पूजा या फिर मांगलिक कार्य के दौरान हाथ में कलावा बांधने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। कलावे को रक्षा सूत्र के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कलावा बांधने से साधक को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गुलाबी, लाल और पीले कलावे को हाथ में बांधा जाता है। इससे मंगल दोष से भी छुटकारा पाया जा सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हाथ में कलावा बांधने की शुरुआत कब से हुई। अगर नहीं पता तो आइए हम आपको बताएंगे कि कलावा बांधने की परंपरा कब से शुरू हुई।



**ऐसे हुई शुरुआत**- धार्मिक मान्यता के अनुसार, हाथ में कलावा बांधने का रिवाज बेहद पुराना है। इसकी शुरुआत धन की देवी मां लक्ष्मी और राजा बलि ने की थी। मां लक्ष्मी ने अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए राजा बलि को रक्षा सूत्र बांधा था। इसके बाद से ही कलावा बांधने की परंपरा जारी है।

**उतरे हुए कलावे का क्या करें ?**- हाथ में बांधा हुआ कलावा को इधर-उधर न फेकें। ज्योतिष शास्त्र की मानें हाथ में से कलावा मंगलवार और शनिवार के दिन खोलना चाहिए। कलावे को पूजा के दौरान ही खोलें। इसके बाद इसे बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें या फिर पीपल के पेड़ के नीचे रख दें।

**कलावा बांधने के नियम**- शास्त्रों में कलावा बांधने के नियम के बारे में बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार, हाथ पर कलावा पर सिर्फतीन बार लपेटा जाता है। इससे इंसान को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अविवाहित कन्याओं और पुरुषों को दाएं हाथ में कलावा बांधना चाहिए। वहीं शादीशुदा औरतों को कलावा बाएं हाथ में बांधना चाहिए।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जमीन रजिस्ट्री में हुआ खेला बहन के हिस्से की जमीन बहु ने किया हस्ताक्षर तो हो गया जमीन बिक्री

## मितानिन कार्यकर्ता सीमा साहू ने कमला साहू बनकर किया जमीन की फर्जी रजिस्ट्री, चाचा और भतीजे की संलिप्तता से हुआ फर्जीवाड़ा



### बोईरडीह पंचायत के सरपंच सचिव पर भी बन रहा सवालिया निशान?

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जमीन रजिस्ट्री को लेकर सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है । जहां बहन की जमीन को भाई ने बगैर बहन को जानकारी दिए चंद रुपए के लालच में बहन की जमीन को घर की बहू से जमीन रजिस्ट्री में फर्जी हस्ताक्षर करवाकर ज़मीन की बिक्री किए जाने की बात सामने आई है। वहीं इस फर्जी वाड़े में रजिस्ट्री में सांथ देने वाले गवाहों में चाचा भतीजा व अर्जीनवीस बनाने वाले पर भी बन रहा सवालिया निशान? मामले में जांच उपरांत ही कितनों की संलिप्तता रही फर्जी रजिस्ट्री में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होने से नकारा नहीं जा सकता। वहीं जानकारों का कहना है अगर फर्जी रजिस्ट्री हुआ है तो कुछ लोगों व्दारा चंद रुपए के लालच में आकर नियम विरुद्ध शासन प्रशासन के आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। ऐसे में माना जा सकता है विभागीय जांच होती है तो फर्जी पाए जाने पर जमीन की रजिस्ट्री भी रद्द हो सकती है व दोषियों पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

मामला है छुरिया ब्लाक समीपस्थ ग्राम पंचायत बोईरडीह का जहां 28 मार्च 2024 को जमीन को किसी दूसरे के पास बेच देने पर छोटे भाई को पता चलने पर बहन को दी जानकारी उसके बाद मचा हड़कंप। मिली जानकारी के अनुसार लखन साहू (चाचा) सरजू साहू (बड़े भाई) ने मिलकर कमला बाई साहू पति ओमप्रकाश साहू के जमीन खसरा नंबर 192/12 रकबा 0.012 हे को गांव के मितानिन सीमा साहू पति राकेश साहू को नकली कमला बाई साहू बनाकर गांव के ही उदल सिंह शोरी पिता बिशरु राम शोरी ग्राम बोइरडीही को बेच दिया। जिसमे गवाही भी सरजू राम साहू पिता कुल्हन साहू (बड़े भाई) और लखन लाल पिता बिशाल साहू (चाचा) हैं। लगभग 20 से 25 दिन बाद जब छोटे भाई सम्पत साहू को पता चला कि बहन कमला बाई की जमीन बिक गया तब अपनी बहन को बताया। जिसके बाद कमला बाई साहू सुनकर हक्का-बक्का रह गई फिर वह गांव पहुंच जमीन से जुड़ी बातों पर चर्चा की जहां गांव में पारिवारिक मीटिंग भी होना पता चला। जिसमें बड़े भाई अपनी बहन कमला बाई को मान मन्नुवाल करवाने की कोशिश की। जहां सुत्रों से मिली जानकारी अनुसार कमला बाई न्याय चाहती है और कोर्ट के शरण में जाना चाहती हैं। और जाना भी चाहिए क्योंकि राकेश साहू गांव समाज के सचिव भी है और उसकी पत्नी मितानिन का काम करती है। इतने जिम्मेदार होकर चंद पैसे के लालच में नकली कमलाबाई बनकर दूसरे की जमीन को बिक्री कर रजिस्टार ऑफिस में उपास्थित होकर फर्जी रजिस्ट्री की और वही राकेश साहू ग्राम समाज में ज़िम्मेदार पद मे रहते हुए भी षड्यंत्र में कैसे शामिल हुआ यह भी प्रश्न चिन्ह है। अब कमलाबाई को न्याय आखिर कौन दिलाएगा घर के ही भाई और चाचा मिलकर उसके हक और स्वामित्व की जमीन को बेचने का घीनौना कृत्य किया है । मान लो इस मामले में बहन अपने भाई के खिलाफन जाये या दबाव के चलते मान-मनौव्वल को तैयार भी हो जाए लेकिन क्या यह नियम विरुद्ध रजिस्ट्री नहीं है जहां किसी और की जमीन के जगह किसी और ने जमीन के दस्तावेजों में अपना होना बताया। ऐसे करने वालों पर कानूनी कार्यवाही होना चाहिए जिससे भविष्य में ऐसे और मामले न हों। क्योंकि यह मामला परिवारिक संबंधों व विश्वास से जुड़ा हुआ है ऐसे में इंसान कभी अपना आपा खोकर ग़लत कदम उठा बैठता है। जबकि इतना सब करने के बाद कमलाबाई के ऊपर दबाव परिवार का बना हुआ है कि किसी प्रकार कोई कानूनी कार्यवाही न करें। दरअसल कमलाबाई अपने ससुराल झीनझारी में रहती है और यह जमीन मायके से मिला है। भाई के ऊपर विश्वास कर अपना पर्चा पट्टा और आधार कार्ड को दे दिया था। कमला बाई कभी सपने में भी नहीं सोची थी। बता दे की सीमा साहू लखन साहू की बेटा बहु है यानि कमला बाई की चचेरी देवरानी है। पूरे गांव बोईरडीह मे इस परिवार की फज़ीहत हो रही है।

**एक नही उसी दिन उसी परिवार मे दुसरी रजिस्ट्री मे भी हुआ फर्जी वाड़ा?**

मिली जानकारी के अनुसार खसरा नम्बर 192 /11 रकबा 0.012 हेक्टर विक्रेता (1) देवबत्ती साहू पति इतवारी साहू,(2) नोहर साहू पिता इतवारी साहू (3) भगवती साहू पिता इतवारी साहू (4) अश्वनी साहू पिता इतवारी साहू (5) कुसुम साहू पिता इतवारी साहू आदि ग्राम बोइरडीही निवासी का सम्मिलात खाता हैं मे नाम है जिसमें क्रेता भी वही ऊदल सिंह शोरी पिता बिशरू राम शोरी निवासी ग्राम बोईरडीही हैं। इस रजिस्ट्री मे भी फर्जी होना पता चला है।हिस्सेदार नोहर साहू ओरिजनल नहीं हैं उसके जगह भुजबल पिता सरजू उप पंजीयक कार्यालय पहुंच कर रजिस्टार के समक्ष रजिस्ट्री पेपर मे नोहर साहू का जाली हस्ताक्षर किया। वही दूसरी ओर सम्मिलात खाता मे शामिल अश्वनी साहू पिता इतवारी साहू के स्थान में ममता साहू पति भुजबल साहू ने अश्वनी साहू बनकर फर्जी हस्ताक्षर रजिस्ट्री में की हैं। नोहर साहू और अश्वनी साहू को पता ही नहीं है।खास बात इसमें यह भी है इस रजिस्ट्री का गवाह भी लखन लाल साहू और सरजू राम साहू है मतलब साफहै इस पूरे घटनाक्रम में चाचा भतीजे का ही रोल रहा है दोनों चाचा भतीजा मास्टरमाइंड इस फर्जी रजिस्ट्री को अंजाम दिये है। वही खरीदने वाले भी उतना ही दोषी है जितना बेचने वाला है क्योंकि ऊदल सिंह शोरी भी उसी गांव के निवासी हैं जिस गांव के बेचने वाले हैं । जाहिर है वह गांव के लोगों को जानता पहचानता होगा वहीं अर्जीनवीस करने वाला भी दोषी है क्योंकि रजिस्टार रजिस्ट्री में अधिकांश अर्जिनवीस करने वालों पर अंधा भरोसा करते हैं जिसके चलते ही कहा जा सकता है ऐसे कितने रजिस्ट्री होंगे जो भरोसे में रखकर ऐसे कारनामे को अंजाम देते हुए आते हैं? ऐसे यह कहना ग़लत नहीं होगा जितने दोषी अर्जिनवीस बनाने वाले हैं उतने ही रजिस्टर भी क्योंकि उन्हें जमीन से जुड़ी हुई हर पहलुओं को देखना और सत्यापित करना चाहिए जिससे किसी भले निर्दोष व्यक्ति को न्यायालय का दरवाजा न खटखटाना पड़े जहां जमीन से जुड़ी कितने मामले देखने को मिलते हैं यही कारण है कि जहां चंद रुपए कमाने के चलते लोगों को बैठे बिठाए परेशानीयों में डाल देते हैं? हालांकि इसमें कहा जा सकता है अर्जिनवीस करने वाले ने मिली भगत करके फर्जी रजिस्ट्री पेपर तैयार कर रजिस्टार दफ्तर में ऐसे लोगों को ले जाकर किसी अन्य की जमीन को रजिस्ट्रार के समक्ष अपना बता कर फर्जी हस्ताक्षर करवाया जिसका उल्लेख रजिस्ट्रार दफ्तर पर मौजूद है।

**आधार कार्ड से लोगों की पहचान में पर रजिस्ट्रार दफ्तर में केवल अंगुठे का निशान।**

आज हम डिजिटल युग कि बात करते हैं जहां आज के दौर में आधार जैसी सुविधा भी जिससे किसी भी व्यक्ति के अंगुठे व अन्य माध्यम से इंसान की पहचान की जा सके लेकिन दुर्भाग्यवश जमीन रजिस्ट्री जैसे विभाग में यह देखने को नहीं मिला। हालांकि रजिस्ट्री




में व्यक्तियों के अंगुठे का निशान व फोटो के आधार कार्ड की छाया प्रति लिया जाता है लेकिन हकीकत में जमीन किसकी है यह प्रमाणित नहीं हो पाता है जिसका जीता जागता उदाहरण इस मामले देखा जा सकता है। जिसके चलते ही कह सकते हैं ऐसे मामले उजागर होते रहते हैं। जैसे कि इस मामले में हुआ अगर अमुक व्यक्ति का आधार कार्ड से अंगुठे की पहचान होता तो यह फर्जी हस्ताक्षर कर रजिस्ट्री होना संभव नहीं। यहीं नहीं देखा जाए तो पटवारी भी उतने ही दोषी है जितना बाकी लोग है जानकारों का कहना है कमलाबाई के जमीन का चौहद्दी कमलाबाई को ही देना चाहिए था। मिली जानकारी अनुसार मामला को उजागर होता देख परिवारिक बैठक समझौता में पटवारी की भी अहम भूमिका थी जहां उनके व्दारा समझौता करवाने की बात सामने आई है? वहीं ग्राम पंचायत बोईरडीह के सरपंच सचिव पर भी बना सवालिया निशान बताया गया है कि पंचायत स्तर पर प्रमाणित करण किया जाना था जहां सरपंच सचिव ने नियम कानून को तांक में रखकर प्रमाणिकरण कर मामले को दबाने की कोशिश कि गई जो जांच में स्पष्ट हो पायेगा?

बहरहाल इस पूरे मामला को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच शासन को करनी चाहिए। जिससे मामले का खुलासा और सच्चाई सामने आ सके। ऐसे 420 करने वाले को सबक भी मिलनी चाहिए क्योंकि रजिस्ट्री जैसे नाजुक चीजों को मजाक बना लिया है यदि इस प्रकरण में लीपा पोती कर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो फर्जी करने वालों के हौसला और बुलंद होगी और यह बाज नहीं आएंगे।

# तुमड़ीबोड में पेयजल की गंभीर समस्या संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** तुमड़ीबोड के निकट स्थित ग्राम मचानपार में ग्रामीण जन पिछले डेढ़ महीने से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं परंतु संबंधित विभाग आश्वासन की सिवाय कुछ नहीं दे पा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मचानपार में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी एवं पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया जो कि आधा अधूरा है पीएचई विभाग द्वारा 15 मार्च से नवनिर्मित पानी टंकी से सभी घरों में पेयजल की उपलब्धता सुरक्षित करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज पर्यंत तक लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ इसी तरह वार्ड नंबर 1 एवं 13 में ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन कनेक्शन नहीं दिया गया है एवं पिछले 10 माह से जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों पर रोक लगा दिया गया है गाव में लोग पानी के लिए रातजगा कर रहे हैं पानी की किल्लत की वजह से निजी बोर वालों से लोग पानी लेने मजबूर है इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी पीएच विभाग चिर निद्रा में सोया हुआ है जिले के कलेक्टर से आग्रह है कि मचानपार में पानी की समस्या का तत्काल निराकरण करने का कष्ट करें अन्यथा स्थिति भयावह हो जाएगी।

# श्री मधु दुबे को ब्राह्मण समाज के द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रामायण प्रचारक समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व: पं. श्री मधु दुबे जी के निधन पर छत्तीसगढ़ी



सरयूपारीय ब्राह्मण सभा के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया,इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री शरद तिवारी ने बताया कि स्व: मधु दुबे जी विगत 14 वर्षों तक रामायण प्रचारक समिति और लगभग 10 वर्षों से छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण सभा के कोषाध्यक्ष पद पर रहे हैं , बहुत ही सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति थे उनके नही रहने का समाज को बहुत ही गहरा दुख पहुंचा है भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें,उनके परिवार को दुख की इस घड़ी मे धैर्य और शक्ति प्रदान करें, श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष शरद तिवारी, मिथलेश शुक्ला, विनोद शुक्ला,अभ्यूदय पाण्डेय, अशोक पाण्डे, पोषण शुक्ला,नीरज शुक्ला,अरविन्द तिवारी, महेन्द्र ( विक्की) शुक्ला , अशोक तिवारी, आलोक तिवारी, नवीन शर्मा, सौरभ तिवारी,संजय तिवारी,अनूप शर्मा, नितिन शुक्ला , शुभांशु तिवारी, विभोर तिवारी,राहुल मिश्रा, अजय शर्मा, प्रशांत दुबे, विष्णु नंद चौबे, पीलू शर्मा, दिलीप तिवारी एवं विरेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# क्रीड़ा भारती द्वारा हनुमान दौड प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



### कुल 560 धावक हुए शामिल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** क्रीड़ा भारती जिला राजनांदगांव द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर हनुमान दौड प्रतियोगिता गया आयोजन किया जिसमें पुरुष एवं महिला वर्गों में कुल मिलाकर 560 धावको ने भाग लिया।जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर आशुतोष कुमार, द्वितीय ईश्वर सिन्हा, तृतीय रामनारायण रहे, वही महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर कु. भगवती, द्वितीय है प्रियंका साहू, तृतीय है रुक्मणी साहू रही। सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, मेडल, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा समस्त प्रतिभागियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जात हो की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,000/- रूपए , द्वितीय 7000/- रूपए, हरोय 5,000/- रुपए दिया गया। क्रीडा भरती अस कार्यक्रम कराने का मुख्य उद्देश्य खेलो का प्रचार प्रसार एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है जिससे देश स्वस्थ रहें एवं समाज में बेहतर योगदान दे ।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष श्री संजय शर्मा जी, आर.एस.एस. के विभाग प्रचारक श्री तुलसी दास मानिकपुरी जी, प्रांत मंत्री श्री सुमित आध्याय जी अंतराष्ट्रिय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे जी, राष्ट्रीय वेटलिफटिंग खिलाडी एकता बंजारे जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाडीटेक जिम द्वारा वार्म अप एवं जुम्बा कराया गया एवं योग प्रदर्शन दीक्षा ताम्रकार द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के जिला अध?यक्ष धीरज कन्नौजे, शिवम् यादव, प्रिंस भाटिया, रजत खुटेल, दुर्गेश यादव, शुमम देवोगन, प्रज्जवल गुप्ता, आशीष भिन्टा, तामेश्वर बंजारे, जनकीशरण कुशवाहा उपस्थित रहे। यह जानकारी क्रीड़ा भारती के मीडिया प्रभारी शुभम देवांगन द्वारा दी गई।

# संस्कार रूप आचार से देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, द्रव्य, देश और क्रिया की होती है शुद्धि - पुरी शंकराचार्य

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज गर्भ शुद्धि कारक संस्कारों की चर्चा करते हुये संकेत करते हैं कि वस्तु को भोग या अपवर्ग के अनुरूप बनाने की विधा संस्कार है। जगत् नाम ( समाख्या ), रूप तथा कर्मात्मक है। सनातन शास्त्रों में इन्हें संस्कृत करने की अपूर्व विधा का वर्णन है। सुखद व्यवहार की सिद्धि और परमार्थ में अभिरुचि का साधक भाव और क्रियाकलाप संस्कार है। देव, ऋषि, पितर और परमेश्वर के प्रसाद का तथा दैवी सम्पत् का अभिव्यञ्जक कर्म तथा भाव संस्कार है। सत्ता स्फूर्ति तथा सुखोपलब्धि उसका फल है। दोषापनयन तथा गुणाधान से संस्कार की सिद्धि होती है। मलिन दर्पण पर ईंट का चूर्ण रगड़ने से दर्पण संस्कृत हो जाता है। यह दोषापनयन का उदाहरण है द्य बीजपूर ( बिजौरी नीबू ) आदि के फूल को लाख के रस से तर कर देने पर उसका फल अन्दर से लाल हो जाता है। यह गुणाधान संस्कार है। वैदिक संस्कार सम्पन्न ब्राह्मणादि द्विज होते हैं। वैदिक संस्कारों से देह, इन्द्रिय प्राण और अन्त:करण का शोधन होता है। लौकिक तथा पारलौकिक अभ्युदय सुलभ होता है तथा नि:श्रेयस रूप मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। अतएव इस लोक में तथा देहत्याग के पश्चात् परलोक में सुख प्रद जीवन की भावना से



ब्राह्मण आदि वर्णों का पवित्र संस्कार वेदोक्त मन्त्रों से अवश्य करना चाहिये। गर्भ शुद्धि कारक हवन, जातकर्म, चूडा़करण ( मुण्डन ), मौजी बन्धन ( उपनयन ) - संस्कारों से द्विजों के वीर्य तथा गर्भ से उत्पन्न दोष नष्ट होते हैं द्य महर्षि हारीत के अनुसार संस्कारों की ब्राह्म एवं दैव - संज्ञक दो श्रेणियाँ हैं। गर्भाधान आदि स्मार्त संस्कारों को ब्राह्म कहते हैं। इनसे सम्पन्न ऋषि सदृश होकर ऋषि सायुज्य लाभ करते हैं। पाक यज्ञ ( पकाये हुये भोजन की आहुतियाँ ), यज्ञ ( होम आहुतियाँ ) और सोम यज्ञ आदि दैव संस्कार कहे जाते हैं। विधिवत् गर्भाधान से पत्नी के गर्भ में भगवत् तत्त्व में आस्थान्वित वेदार्थ के अनुशीलन में अभिरुचि सम्पन्न जीव का प्रवेश होता है। पुंसवन संस्कार से गर्भ को पुरुष भाव से भावित किया जाता है। सीमोन्तोनयन के द्वारा माता पिता से उत्पन्न दोष दूर किया जाता है। बीज, रक्त तथा भ्रूण से उत्पन्न दोष जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चूडा़कर्म और समावर्तन से दूर होते हैं। इस प्रकार गर्भाधान, पुंसवन, सीमोन्तोनयन, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चूडा़करण और समावर्तन से पवित्रता का सम्पादन होता है। उपनयन आदि अष्ट विध संस्कारों से देव पितृ कार्यों में परम पात्रता प्राप्त होती है। वेद अध्ययन, व्रत, होम, त्रैविद्य, व्रत, पूजा, सन्तान उत्पत्ति, ब्रह्मयज्ञ आदि महायज्ञों से तथा ज्योतिष्टोमादि यज्ञों से ब्रह्म अभिव्यञ्जक शरीर की अर्थात् देहेन्द्रिय प्राण अन्त:करण रूप दिव्य जीवन की प्राप्ति होती है। संस्कार रूप आचार से देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, द्रव्य, देश और क्रिया की शुद्धि होती है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com